BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 04 अप्रैल, 2025 | **थाना कोतवाली नगर**

10 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा व 01 मोटरसाइकिल सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 03/04-04-2025 की रात्रि को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों को मलका पार्क के पास से 10 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा व 01 मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं-296/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- अमित पुत्र बलवीर सिंह निवासी ग्राम कोटला थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर।

2- आजाद पुत्र कुलदीप सिंह निवासी उपरोक्त।

बरामदगी-

1- 10 किलो 250 ग्राम गांजा

2- 01 स्प्लेन्डर मोटरसाइकिल (DL8-SDA-8887)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1- श्री धर्मेन्द्र सिंह राठौर प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर

2- उ0नि0 शिवम तोमर, उ0नि0 प्रशिक्षु मोहित कुमार

3- का0 ललित कुमार

मीडिया सेल बुलंदशहर